समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Wednesday, 19 August 2026

# भारत की GDP को झटका, नोमुरा ने घटाया आर्थिक वृद्धि का अनुमान – जानिए क्या होगा असर।

Publisher

Published on 03 Jun 2025




## जापानी ब्रोकरेज फर्म नोमुरा ने भारत की GDP ग्रोथ रेट को अगले वित्त वर्ष मे घटाकर 6.2% बताया, लेकिन निफ्टी इंडेक्स का टारगेट बढ़ाकर 26,140 किया।

**नई दिल्ली :** भारत की अर्थव्यवस्था के लिए एक नई चुनौती सामने आई है। जापान की प्रतिष्ठित **ब्रोकरेज फर्म नोमुरा (Nomura)** ने भारत की **GDP वृद्धि** दर को लेकर अपने पूर्वानुमान में गिरावट दर्ज की है। नोमुरा के अनुसार, **वित्त वर्ष 2025-26 मे GDP ग्रोथ 6.2%** रह सकती है, जो 2024-25 में 6.5% थी।

यह भविष्यवाणी ऐसे समय आई है जब देश में **GST कलेक्शन, बैंक क्रेडिट,** और **ऑटोमोबाइल सेक्टर** में सुधार के संकेत मिल रहे हैं। इसके बावजूद नोमुरा का यह अनुमान भारत की आर्थिक सेहत के लिए चेतावनी की तरह देखा जा रहा है।

**धीमी होगी GDP की रफ्तार : नोमुरा का अनुमान**
**फाइनेंशियल ईयर 2023-24** में भारत की **GDP 9.2%** की दर से बढ़ी थी, लेकिन आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार 2024-25 में यह 6.5% रही। अब नोमुरा ने 2025-26 के लिए इसे 6.2% बताया है, जिससे आर्थिक गतिविधियों में सुस्ती का संकेत मिलता है।

**निफ्टी इंडेक्स के लिए अच्छी खबर**

हालांकि **GDP वृद्धि** दर में अनुमानित गिरावट के बावजूद नोमुरा ने मार्च 2026 तक **बेचंमार्क निफ्टी इंडेक्स** का लक्ष्य बढ़ाकर 26,140 कर दिया है। यह इससे पहले दिए गए अनुमान 24,970 से कहीं ज्यादा है। नोमुरा का मानना है कि आर्थिक सूचकांकों में स्थिरता और कॉरपोरेट मुनाफे में सुधार के चलते निफ्टी ऊंचे स्तर पर पहुंच सकता है।

**आरबीआई और अन्य संस्थाओं का दृष्टिकोण**

**भारतीय रिजर्व बैकं (RBI) ने GDP ग्रोथ** का अनुमान अब भी **6.5%** पर बनाए रखा है। वहीं **अमेरिकी ब्रोकरेज फर्म बोफा सिक्योरिटीज (BoFA Securities)** ने भारतीय शेयर बाजार को लेकर सतर्क टिप्पणी करते हुए कहा है कि यह निकट भविष्य में अपने उच्चतम मूल्यांकन के करीब है।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.